तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 16 मई 2026

14 नक्सल प्रभावित साईंमुंडा में पुलिस...



14 दबेना के निर्माणाधीन टिना शेड में का चबूतरा...








# अधिकारी से मारपीट के मामले में कांग्रेस की खामोशी पर राजनीतिक हवा गरमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

संभागीय लेखापाल के साथ मारपीट मामले में कांग्रेस की चुप्पी अब राजनीतिक गलियारों से लेकर आमजन के बीच चर्चा का विषय बनती जा रही है। सरकारी अधिकारी के साथ कथित मारपीट जैसी गंभीर घटना पर जहां विभागीय अमला आक्रोशित नजर आ रहा है, वहीं कांग्रेस संगठन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आने से कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। भानुप्रतापपुर में सात दिन पहले एक ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए भानुप्रतापपुर लोक निर्माण विभाग में पदस्थ संभागीय लेखापाल के साथ मारपीट किया था। इस मामले में लीपापोती करवाने के लिए विभाग एवं राजनैतिक स्तर पर प्रयास किया गया, परंतु उसमें ठेकेदार यह सफल रहा कि जो धारा लगनी चाहिए थी, वो नहीं लग पाई और जमानतीय धारा लगी, जिसमें थाना से उसे जमानत मिल गई। भाजपा की सराकर में ठेकेदार के द्वारा भानुप्रतापपुर में दबंगई दिखाया गया, परंतु विपक्ष पर बैठी कांग्रेस इस मामले में पूरी तरह से मौन साध लिया है। कांग्रेस छोटे-छोटे मामले में पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन करती है, परंतु ठेकेदार के दबंगई के मामले में भानुप्रतापपुर कांग्रेस संगठन ने मौन साध लिया है, किसी भी कांग्रेस पदाधिकारी का एक बयान तक सामने नहीं आया है। इससे यही स्पष्ट है कि ठेकेदार की जितनी पकड़ भाजपा में है, उससे ज्यादा पकड़ कांग्रेस में है, इसीलिए शायद कांग्रेसियों ने मौन साध लिया है।

## ठेकेदार की दबंगई पर कांग्रेस का मौन जनता पूछ रही, आखिर किसका दबाव?


संभागीय लेखापाल के साथ विभागीय अमला पहुँचा थाने, दर्ज कराई एफआईआर

अधिकारी से मारपीट की, आरोपी ठेकेदार पर भानुप्रतापपुर थाने में अंततः अपराध कायम

## सामाजिक संगठनों और विपक्षी दलों के सवाल

घटना के बाद विभागीय संगठन के पदाधिकारियों ने संभागीय लेखापाल के साथ पहुँचकर एफआईआर दर्ज कराने में मदद किया था, उसके बाद सामाजिक संगठनों और विपक्षी दलों ने कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सामान्य परिस्थितियों में कांग्रेस ऐसे मामलों पर तत्काल प्रतिक्रिया देती रही है, लेकिन इस बार पार्टी की ओर से कोई स्पष्ट रुख सामने नहीं आने से लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। शहर के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर कांग्रेस इस मामले में खुलकर सामने आने से क्यों बच रही है। कुछ लोगों का कहना है कि मामले में राजनीतिक दबाव की आशंका के चलते पार्टी नेतृत्व मौन साधे हुए है, जबकि कुछ इसे संगठनात्मक कमजोरी से जोड़कर देख रहे हैं। आमजन के बीच भी यह सवाल उठने लगा है कि जब एक जिम्मेदार अधिकारी सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था का क्या हाल होगा। सोशल मीडिया पर भी यह मामला तेजी से चर्चा में बना हुआ है और लोग राजनीतिक दलों की भूमिका पर खुलकर टिप्पणी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बीचपारा भानुप्रतापपुर निवासी 60 वर्षीय अगोन बाई पति स्व. श्रीरामलाल ने अज्ञात कारणों के चलते 14 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

### हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत खुरमई रोड में सरोना थानांतर्गत साल्हेटोला निवासी 58 वर्षीय राजूराम भास्कर पिता स्व. दशरथ का एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट से आई चोट के कारण उसका 14 मई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो आमाबेड़ा थाना में पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत किलेपार निवासी उमेश मरकाम पिता टाकेश्वर सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका 13 मई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में आई चोट के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## आधा दर्जन नक्सली छोटे-छोटे समूहों में बंटकर जंगलों में बदल रहे ठिकाने

# हथियार मिले पर नक्सली नहीं, कांकेर के जंगलों में सुरक्षाबलों की बढ़ गई चुनौती

- डीआरजी, बीएसएफ-जिला पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के घने जंगलों में अब भी आधा दर्जन के आसपास नक्सली कैडर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। डेढ़ माह के भीतर कांकेर पुलिस ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों के ठिकानों से एलएमजी सहित कई घातक हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है, लेकिन जिन नक्सलियों की तलाश में जंगल-जंगल छापेमारी की जा रही है, वे अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर हथियार तो मिल रहे हैं, लेकिन हथियार चलाने वाले नक्सली कहां गायब हो गए हैं।

कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा इलाका के छोटे-बड़े जंगलों में पिछले डेढ़ माह से लगातार संयुक्त ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। जिला पुलिस, डीआरजी और बीएसएफ की टीमें गुप्त सूचना के आधार पर जंगलों में सर्चिंग कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सूची में आधा दर्जन के आसपास ऐसे सक्रिय नक्सली हैं, जिनकी लंबे समय से तलाश की जा रही है। हालांकि इस दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हथियारों की बरामदगी के रूप में मिली है। हाल के अभियानों में एलएमजी, इंसास रायफल, बीजीएल लॉन्चर, वायरलेस सेट, डेटोनेटर और बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि लगातार दबाव के कारण नक्सली संगठन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। जानकारों का कहना है कि नक्सली अब रणनीति बदलकर छोटे-छोटे समूहों में बंट गए हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना और भी कठिन हो गया है। दूसरी ओर जंगलों में लगातार बढ़ती पुलिस मौजूदगी के चलते नक्सली अपने ठिकाने और हथियार छोड़कर भाग रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस को लगातार हथियार और सामग्री तो मिल रही है, लेकिन वांछित नक्सली हाथ नहीं आ पा रहे। सुरक्षा एजेंसियां दावा कर रही हैं कि आने वाले दिनों में फरार नक्सली कैडरों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिल सकती है, लेकिन तब तक जंगलों में जारी यह तलाश सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

**कांकेर पुलिस के लगातार अभियान के बावजूद चुनौती बरकरार**



### डेढ़ माह में जंगलों से जब्त हथियार

*कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मीडिया के सामने जप्त हथियार दिखाते हुए कहा कि डेढ़ माह तक सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के डंप से 7.62 एसएलआर एलएमजी 01 नग, 5.56 एलएमजी 01 नग, 303 रायफल 05 नग, सिंगलशॉट गन देशी मेड 11 नग, बीजीएल लांचर 08 नग, भरमार बंदूक 05 नग, सिंगलशॉट बंदूक 15 नग, 12 बोर देशी कट्टा 02 नग, 315 बोर बंदूक 01 नग, 7.65 एमएम पिस्टल 01 नग, कुकर बम 10 नग, तीर बम 01 नग, मैग्जीन 13 नग, कारतूस 469 नग, बीजीएल सेल 34 नग, बारूद 46 किग्रा., वॉकीटाकी 04 नग और छोटा गैस वेल्डींग मशीन 01 नग रिकवर हुए है।*

# पेट्रोल-डीजल स्टाक पर्याप्त अफवाहों से बचें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पेट्रोल एवं डीजल के वैश्विक संकट के चलते जिले में ईंधन की कमी को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस वजह से पेट्रोल एवं डीजल पंपों में अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है तथा लोग जरूरत से अधिक ईंधन की खरीदी एवं संग्रहण कर रहे हैं। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम से प्रभावित होकर पेट्रोल एवं डीजल की खरीदी अथवा भंडारण न करें। सामान्य रूप से केवल आवश्यकतानुसार ही वाहनों में ईंधन भरवाएं। जिले में प्रतिदिन औसतन पेट्रोल की खपत लगभग डेढ़ लाख लीटर और डीजल की खपत लगभग 2 लाख 60 हजार लीटर है। वर्तमान में जिले में पेट्रोल का 32 लाख 60 हजार लीटर तथा डीजल का 32 लाख 50 हजार लीटर स्टॉक उपलब्ध है।

इसके साथ ही ऑयल कंपनियों के डिपो से नियमित रूप से पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति लगातार जारी है। इसलिए जिले में ईंधन की किसी प्रकार की कमी नहीं है।

कलेक्टर ने कहा कि खाद्य विभाग का अमला लगातार पेट्रोल एवं डीजल पंपों की निगरानी की जा रही है। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि कोई व्यक्ति अनावश्यक रूप से पेट्रोल या डीजल की खरीदी कर उसका संग्रहण अथवा कालाबाजारी करते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## तमिलनाडु के नेता का किया पुतला दहन

**कांकेर।** तमिलनाडु राज्य के डीएमके पार्टी के युवा विंग के नेता व विधायक उदयनिधि स्टेलिन के सनातन धर्म संबंधी बयान के विरोध में शिव सेना ने पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। शिवसेना युवा सेना प्रदेश महासचिव हर्ष शर्मा ने कहा कि उदयनिधि की टिप्पणी से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार के बयान देश की एकता और अखंडता को प्रभावित करते हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में जिला महासचिव संतोष



यादव, अभिषेक उके, समृद्ध शर्मा, सतिश यादव, सानिध्य शर्मा, अरुण मरकाम, विक्की, निखिल पांडेय, देवकुमार टेमरे, राकेश निषाद, संतोष मरकाम सहित अन्य शिवसैनिक मौजूद रहे।

## पुलिस ने रकम जब्त कर आयकर विभाग को भेजी सूचना

# संदिग्ध युवक से 21.30 लाख रुपए जब्त, दस्तावेज नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बरामद, दस्तावेज नहीं, जांच जारी पुलिस की सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते एक संदिग्ध व्यक्ति से 21 लाख 30 हजार रुपये नगद बरामद किए गए हैं। बिना वैध दस्तावेज के भारी मात्रा में नकदी लेकर घूम रहे युवक पर थाना कांकेर पुलिस ने धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए रकम जब्त कर ली है।

मामले की जांच अब आयकर विभाग भी करेगा। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार साहू एवं अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक (सायबर) दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में नकदी लेकर संदिग्ध परिस्थिति में घूम रहा है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रतीक दादासाहब बंसोडे के निर्देश पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद मुस्ताक (36 वर्ष) निवासी संतोषी नगर, रायपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 500 रुपये के 42 बंडल और 100 रुपये के 3 बंडल बरामद हुए। गिनती में कुल 21 लाख 30 हजार रुपये पाए गए। पुलिस द्वारा नकदी के संबंध में दस्तावेज और रकम का स्रोत पूछे जाने पर युवक कोई संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आशंका जताई कि रकम का उपयोग किसी आपराधिक गतिविधि में किया जा सकता है। पुलिस ने विधिवत जप्ती पंचनामा तैयार कर पूरी रकम जब्त कर ली तथा प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी बस को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम रतेसरा के पास बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी सवारी बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि ट्रक में सवार हेल्पर सहित दो चालकों को चोटें आई हैं। राहत की बात यह रही कि हादसे के वक्त बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भिलाई निवासी बस चालक 29 वर्षीय प्रेमजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 14 मई की रात लगभग 10 बजे रॉयल ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 06 जीवाय 5922 में रायपुर



से सवारियां लेकर कोंटा के लिए रवाना हुआ था। देर रात करीब 2 बजे चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम रतेसरा के पास बस में अचानक कुछ तकनीकी खराबी आ गई। कंडक्टर पोषण विश्वकर्मा के साथ बस में बैठे सभी यात्रियों को पीछे से आ रही रॉयल कंपनी की ही दूसरी बस में सुरक्षित शिफ्ट कर दिया था। यात्रियों को भेजने के बाद चालक और परिचालक बस के पास ही मौजूद थे। ▶▶| शेष पेज 12 पर




## जब्त हाईवा में छह थे लोडेड, माफियाओं में मचा हड़कंप

# खनिज विभाग ने रेत खदानों में दी दबिश, 14 मशीनें व 9 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा क्षेत्र में संचालित रेत खदानों में नियमों की अनदेखी और अवैध उत्खनन की शिकायतों के बाद खनिज अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई रेत खदानों पर छापेमार जांच की। कार्रवाई के दौरान अलग-अलग खदानों से कुल 14 मशीनें, 3 लोड हाईवा और 6 खाली हाईवा जप्त किए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से रेत माफियाओं और नियमों को ताक पर रखकर संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया है। खनिज विभाग की जांच टीम ने करिहा, भिरौद, मचांदुर, भिलाई, भूईगांव और अरौद स्थित रेत खदानों का निरीक्षण किया। जांच में पट्टाशर्तों के उल्लंघन और नियम विरुद्ध उत्खनन पाए जाने पर संबंधित सरपंचों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किया गया। करिहा, भिरौद, मचांदुर और भिलाई





खदानों से तीन-तीन मशीनें, जबकि भूईगांव और अरौद से एक-एक मशीन जप्त की गई। इसी दौरान ग्राम पंचायत जैसाकर्रा अंतर्गत महानदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते हुए तीन मशीनें पकड़ी गईं। मामले में ग्राम पंचायत जैसाकर्रा के सरपंच को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर भी लगातार कार्रवाई जारी है। टॉस्क फोर्स ने वर्ष 2025-26 में अवैध परिवहन के 99 प्रकरण दर्ज कर 99 वाहन जप्त किए तथा 27 लाख 65 हजार 200 रुपये समझौता राशि वसूली। वर्ष 2026-27 में 39 वाहन जप्त कर 8 लाख 15 हजार 736 रुपये की वसूली की गई है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### रॉयल्टी, प्रीमियम राशि व जुर्माना वसूला गया

उल्लेखनीय है कि जिले में वर्तमान में कुल 15 रेत खदानें संचालित हैं, जिन्हें ग्राम पंचायतों और एक स्व-सहायता समूह को स्वीकृत किया गया है। इन खदानों से वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन को 76 लाख 62 हजार 572 रुपये रॉयल्टी तथा 4 करोड़ 56 लाख 89 हजार 208 रुपये प्रीमियम राशि प्राप्त हुई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 2 लाख रुपये रॉयल्टी और 4 लाख 32 हजार रुपये प्रीमियम राशि जमा हुई है। पट्टाशर्तों के उल्लंघन पर वर्ष 2025-26 में रेत खदान संचालकों से 8 लाख 50 हजार रुपये अर्थदंड वसूला गया, जबकि वर्ष 2026-27 में अब तक 3 लाख 25 हजार रुपये की वसूली की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप



### परिजनों को मिली सहायता राशि

**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में पदस्थ कर्मचारी मीना नागवंशी के आकस्मिक निधन पर शासन द्वारा निर्धारित अनुग्रह सहायता राशि उनके परिजनों को प्रदान की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर परिवार को 50 हजार रुपएं की सहायता राशि सौंपते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि शासन कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। अनुग्रह राशि वितरण के समय अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, लेखापाल परमानंद नेताम सहित पंचायत कार्यालय के अन्य कर्मचारी एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से नाबालिग बालिका की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भेजा निवासी 16 वर्षीय सकीना कुमेटी पिता अरविंद को सांप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण 2 मई को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 18 से

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उमावि में नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 2026 का आयोजन 18 से 30 मई तक किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह अभिनव और रचनात्मक समर कैंप कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की अंतरनिहित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, उनकी सृजनात्मक क्षमता को विकसित करना तथा कला, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास का निर्माण करना है।

# अपैक्स बैंक के पूर्व चेयरमैन को दी अंतिम विदाई और दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

- *राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर*
- *भाजपा को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अपैक्स बैंक के पूर्व चेयरमैन महावीर सिंह राठौर के निधन से क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को कांकेर जिले के उनके गृहग्राम कोरर में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार भावुक माहौल के बीच किया गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोग और आमजन अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। पंचतत्व में विलीन होते समय माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम दिखाई दी। पूर्व चेयरमैन महावीर सिंह राठौर ने जनसंघ के समय में पूरे बस्तर संभाग में काम किया और भाजपा को मजबूत करने के लिए तन मन धन से काम किया। बस्तर संभाग में तत्कालीन सांसद रहे स्व. बलीराम कश्यम के साथ मिलकर भाजपा को मजबूत करने का काम किया और अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में सहकारिता और बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके निधन को प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक क्षति बताया गया। अंतिम यात्रा में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने उनके व्यापक जनसंपर्क और सम्मानित व्यक्तित्व को दर्शाया। रायपुर सांसद वृजमोहन अग्रवाल कोरर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिवंगत महावीर सिंह राठौर ने भाजपा को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई और अपैक्स बैंक चेयरमैन रहते हुए सहकारिता क्षेत्र में जो योगदान दिया, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सरलता, संघर्ष और समाजसेवा की मिसाल था।







## ग्रामीणों को साड़ी-धोती, चप्पल, गमछा, टी-शर्ट, लोवर, कंबल, कॉपी, पेन-पेंसिल एवं राशन वितरित

# नक्सल प्रभावित साईंमुंडा में पुलिस सिविक प्रोग्राम से ग्रामीणों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांकेर के अंतिम छोर पर स्थित नक्सल प्रभावित सीमावर्ती ग्राम साईंमुंडा में कांकेर पुलिस द्वारा विशेष सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। धमतरी और कोंडागांव जिले की सीमा से लगे इस संवेदनशील गांव में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं से जोड़ने की पहल की। कार्यक्रम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू ने किया।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच बैठकर आत्मीय वातावरण में चर्चा की और क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के बीच विश्वास कायम करना, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद ग्रामीणों को साड़ी, धोती, चप्पल, गमछा, टी-शर्ट, लोवर, कंबल, कॉपी, पेन-पेंसिल एवं राशन सामग्री वितरित की गई। पुलिस टीम ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी परेशानियां जानीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करने का आश्वासन भी दिया गया।

### ग्रामीणों ने समस्याओं की जानकारी दी

ग्रामीणों ने गांव में तेंदुआ और हाथियों के बढ़ते प्रकोप के साथ-साथ पानी में फ्लोराइड की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। इस पर पुलिस अधिकारियों ने संबंधित विभागों से समन्वय कर समाधान कराने की बात कही। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने, बेहतर इलाज उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को नियमित स्कूल भेजने, शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और आंगनबाड़ी व स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कांकेर पुलिस ने ग्रामीणों से क्षेत्र में शांति, भाईचारा और विकास बनाए रखने में सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने भटके युवाओं और माओवादी विचारधारा से जुड़े लोगों से मुख्यधारा में लौटकर आत्मसमर्पण करने तथा सामान्य जीवन अपनाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी दुधावा, चौकी स्टाफ दुधावा, डीआरजी क्यूटो टीम कोरर से प्रधान आरक्षक शैलेश मंडावी सहित अन्य जवान मौजूद रहे।

# दबेना के निर्माणाधीन टिन शेड का चबूतरा जगह-जगह से दरका



- *निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल, ग्रामीणों में भारी नाराजगी*
- *एक खंभा भी टेढ़ा, भविष्य में दुर्घटना की आशंका*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम दबेना में निर्माणाधीन टिना शेड को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। मंडी बोर्ड के माध्यम से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उद्घाटन से पहले ही सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शेड का चबूतरा जगह-जगह से चटक गया है, वहीं एक खंभा भी टेढ़ा दिखाई दे रहा है, जिससे भविष्य में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लंबे समय से सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा की मांग की जा रही थी। इसके बाद टिना शेड निर्माण की स्वीकृति मिली, लेकिन निर्माण शुरू होने के साथ ही गुणवत्ता को लेकर संदेह बना हुआ था। अब निर्माण में सामने आई खामियों के बाद लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है। उनका कहना है कि यदि उद्घाटन से पहले ही चबूतरे में दरारें और खंभों में झुकाव दिखाई दे रहा है, तो भविष्य में पूरा निर्माण क्षतिग्रस्त हो सकता है। गांव के लोगों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ गांव तक सही तरीके से पहुंचना चाहिए, लेकिन निर्माण कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो गांव के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि टिना शेड गांव के सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर लोगों का भरोसा कमजोर पड़ रहा है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने एक स्वर में कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बेहद जरूरी है, ताकि सरकारी राशि का सही उपयोग हो सके और गांवों का वास्तविक विकास हो सके। मामले को लेकर अब ग्रामीणों की निगाहें मंडी बोर्ड और संबंधित विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। लोगों ने मांग की है कि समय रहते सुधार कार्य कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

### पशुओं के व्यावसायिक उपयोग पर कलेक्टर की गाइड लाइन जारी

**कांकेर।** जिले में वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी एवं 'लू' के बढ़ते प्रकोप के कारण पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने तथा उनके जीवन की रक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने पशुओं से व्यावसायिक एवं श्रम संबंधी उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1996 के नियम 6(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी 30 जून तक जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में पशुओं के व्यावसायिक एवं श्रम संबंधी उपयोग पर प्रतिदिन दोपहर 12 से 03 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंट, खच्चर अथवा गधों के माध्यम से माल ढुलाई, सवारी कराना या किसी भी प्रकार का शारीरिक श्रम लिया जाना प्रतिबंधित होगा। तेज धूप और उच्च तापमान के दौरान पशुओं से कार्य लेना पशु क्रूरता की श्रेणी में माना जाएगा तथा उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों व पशु स्वामियों के विरूद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1996 के तहत वैधानिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### देवांगन समाज का महाधिवेशन कल

**कांकेर।** राज जिला देवांगन समाज द्वारा 59वें एक दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन का आयोजन 17 मई रविवार को सुबह 10 बजे से देवांगन भवन अलबेलापारा में किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रहेगी। आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख शामिल होंगे। समाज पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## निधन

### मयाबत्ती भुआर्या



दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहत्तर निवासी मयाबत्ती भुआर्या का आकस्मिक निधन हो गया है, वे कुछ दिनों से अस्वस्थचल रहे थे। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम लोहत्तर में किया गया, जिसमें रिश्तेदार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मीना नागवंशी



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल निवासी एवं जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 मीना नागवंशी का रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में उपचार के दौरान दुःखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे मुक्तिधाम दुर्गूकोंदल में किया, जिसमें ग्रामवासी व कर्मचारी में शामिल हुए।

### सुकदेव कुमोटी



दुर्गुकोंदल। ग्राम मरकाचुआ निवासी तालकुंवर देव गायता सुकदेव कुमोटी का निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम मरकाचुआ में किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामवासी शामिल रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण ने महावीर सिंह राठौर के निधन पर जताया शोक

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांकेर जिले के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष महावीर सिंह राठौर के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि महावीर सिंह संगठन के एक मजबूत स्तंभ और वैचारिक निष्ठा के प्रतीक थे, जिन्होंने वर्षों तक भाजपा संगठन और समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा की। महावीर सिंह राठौर ने संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका पूरा जीवन जनसेवा और संगठन के विस्तार के लिए समर्पित रहा। भाजपा संगठन के प्रति उनका अटूट समर्पण और संघर्ष सदैव कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि राठौर का निधन केवल कांकेर भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुःखद घड़ी में पूरा भाजपा परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



### साप काटने से युवती की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोटागांव के 23 वर्षीय युवती को साप ने काट लिया था। युवती को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी 3 मई को मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हुई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने दी आधुनिक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**किसानों को प्राकृतिक खेती एवं मिट्टी परीक्षण की महत्ता समझाई**



कृषि एवं संवर्गीय विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विकासखंड चारामा की ग्राम पंचायत सिरसिदा में कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक खेती तकनीक, बीज उत्पादन, मशीनीकरण, प्राकृतिक खेती एवं मिट्टी परीक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र कुमार तायडे.ने किसानों को बीज उत्पादन कार्यक्रम अपनाने एवं खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। वहीं कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रमोद नेताम ने कीटनाशक विषाक्तता एवं बीजोपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजाराम नेताम ने पीएम किसान योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की जानकारी किसानों को दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेश सोनकर ने मिट्टी परीक्षण की आवश्यकता और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को पराली (फसल के अवशेष) नहीं जलाने तथा बेलर मशीन के माध्यम से उसका संग्रहण कर सदुपयोग करने की सलाह दी और साथ ही प्राकृतिक खेती योजना की भी जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 05 मई से विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्लस्टर स्तर पर लगातार आयोजित किया जा रहा है, जो 20 मई तक संचालित होगा। अभियान के माध्यम से किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक, नवाचार, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन संबंधी जानकारी वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रही है। किसानों में इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इसके अलावा ग्राम सिरसिदा के किसानों को उनके खेतों से लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट एवं मिट्टी परीक्षण कार्ड वितरित किए गए। विभाग द्वारा किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार रासायनिक खाद एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह भी दी गई।

# पांच बहनों के इकलौते भाई की मौत तेज रफ्तार ट्रक ने लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परपा थाना क्षेत्र स्थित केशलूर चौक में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक जगदलपुर स्थित लॉज में काम करने आ रहा था। जानकारी के मुताबिक छिंदगढ़ तहसील के मारेंगा टिपनपाल निवासी योगेश कुमार नाग 25 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 26 जे 1626 में सवार होकर जगदलपुर आ रहा था। तभी केशलूर के करीब ओवरटेक करने के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 17 केवी 8537 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक को घिसटते हुए ट्रक लगभग सौ मीटर दूर खेत में जा घुसी। इस हादसे में योगेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की खबर लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना कर ट्रक को जब्त कर थाने ले गई। घटना के बाद घटनास्थल में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और कुछ देर के लिए जाम लग गया।

# धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अभियान हुआ प्रारंभ

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। इसके तहत जिले में विशेष अभियान चलाकर समस्त भूमिधारी कृषकों को फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी, इसके निर्माण की कार्यवाही वर्तमान में जारी है। एग्रीस्टेक कृषक पंजीयन किसान स्वयं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अथवा सीजी एग्रीस्टेक मोबाइल एप के जरिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित केंद्रों पर जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए कृषकों को भूमि स्वामी होने संबंधी दस्तावेज जैसे बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। इसके साथ ही एग्री स्टैक एक्जिम्पटेड श्रेणी के कृषकों के खसरा एवं कंपार्टमेंट नंबर का यूएफआर (UFR) के माध्यम से पंजीयन कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे रिपोर्ट क्रमांक 29 एवं 30 का अवलोकन करते हुए छूटे हुए खसरों का एग्रीस्टेक में पंजीयन शीघ्र पूर्ण करें। यह भी बताया गया कि उक्त श्रेणी के यूएफआर हेतु दावा किए गए सभी खसरों को पटवारी एवं तहसीलदार स्तर पर अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जाएगा। तहसीलदार द्वारा अनुमोदन उपरांत संबंधित खसरे एग्रीस्टेक में पंजीकृत हो जाएंगे। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

